# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
24 अप्रैल 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और  उनकी मदद करने वालों की पहचान कर उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा।

- श्री मोदी ने कहा कि पंचायतों के तकनीकी तौर पर सशक्त किया गया है और जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल कर जमीनी विवाद समाप्त किए गए हैं।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में गाँवों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

- श्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना का शुभारंभ किया।

- भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित की।

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को [illegible] निकालेगा।श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है।

*इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन साथी खोया। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नडा बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओडिया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है। हमारा आक्रोश एक जैसा है।*

श्री मोदी ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए विश्व और वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए भी मौन रखा।

प्रधानमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे है प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि पंचायतों को तकनीकी तौर पर मजबूत बनाया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि देश में बीते वर्षों में तीस हजार नए पंचायत भवन भी बनाए गए हैं।

*देश में तीस हजार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले, ये भी सरकार की प्राथमिकता रही। बीते दस साल में दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का फंड पंचायतों को मिला है। ये सारा पैसा गांव के विकास में लगा है।*

प्रधानमंत्री ने कहा जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल किया गया है जिससे जमीनी विवाद समाप्त हुए हैं।

*******************************************************************

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला पंचकूला में राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित उपस्थितजनो ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर अपने संबोधन में पंचायती राज दिवस के महत्व को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में गाँवों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है, जब गांव विकसित होगा, तो प्रदेश विकसित होगा और निश्चित तौर पर हम वर्ष 2047 से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा कर लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में 22 जिला परिषदों, 142 पंचायत समितियों और 5,388 ग्राम पंचायतों को स्टाम्प ड्यूटी के अंश के रूप में 573 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किए।उन्होंने 411 जिला परिषद सदस्यों तथा 3081 पंचायत समिति सदस्यों को 1.45 करोड़ रुपये की मानदेय राशि भी जारी की।

मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल से ही प्रदेशभर में विभिन्न पेंशन योजनाओं के 41,591 नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ देते हुए सीधे उनके बैंक खातों में राशि जारी की। इन लाभार्थियों के खातों में 12 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि डाली गई।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना का भी शुभारंभ किया।पंचकूला में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह में इस योजना का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत उन पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कृषि उत्पादकता, डिजिटल संपर्क और टिकाऊ बुनियादी □ांचे जैसे सामाजिक-आर्थिक मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंख्या के आधार पर, पहले स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायतों को 51 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाली पंचायतों को 31 लाख रुपये तथा तीसरे स्थान वाली पंचायत को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि स्थानीय विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी।मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षण किट दिए जाने का भी शुभारंभ किया। इस अभियान में प्रदेश के सभी 71 हजार निर्वाचित प्रतिनिधियों को यह किट प्रदान की जाएगी और सबको प्रशिक्षण दिया जाएगा।समारोह के दौरान, श्री नायब सिंह सैनी ने मेरा गांव-मेरी धरोहर तथा मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना की पुस्तिका का विमोचन भी किया।इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व गणमान्य मौजूद रहे।

*************************************************************************

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वर्तमान वैध वीजा भी 27 अप्रैल से रद्द कर दिए जाएंगे। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए चिकित्सा वीजा भी 29 अप्रैल तक ही वैध होंगे।विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा की निर्धारित समय से पहले देश छोड़ देना चाहिए। भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान यात्रा न करने की सलाह भी दी गई है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीयों से शीघ्र स्वदेश लौटने को कहा गया है।

***************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से बात की।

राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।श्री दत्तात्रेय ने पहलगाम आतंकी हमले को मानवता के खिलाफ सबसे जघन्य अपराध बताते हुए इस क्रूर कृत्य की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण हमले कभी भी भारतीय नागरिकों, सशस्त्र बलों या राष्ट्र की भावना के संकल्प को हिला नहीं पाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि एक बहादुर और युवा नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की क्षति को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। उन्होंने परिवार के सदस्यों से कहा कि हरियाणा और पूरा देश इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है।

*********************************************************************

केंद्रीय मंत्री एवं करनाल से लोकसभा सांसद मनोहर लाल ने आज करनाल में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुँच कर परिवार को सांत्वना दी।उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मौत बहुत ही दुखद है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने जो कृत्य किया है, वह निंदनीय है। इनके साथ 25 लोग और मारे गए है और एक नागरिक नेपाल का भी है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं का बदला लेने के लिए जो भी करना होगा, वो किया जाएगा।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विनय नरवाल के नाम से जो भी घोषणाएं करनाल में करनी होगी, वह की जाएगी।